पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद लखनऊ में "पी0एम0 केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना" का शुभारम्भ किया

————————

कार्यक्रम में राज्यपाल ने टाटा मोटर्स की वैक्सीन एम्बुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

————————

हम बच्चों को संस्कारवान, चरित्रवान, देश प्रेम तथा सेवा–भाव से परिपूर्ण बनायें–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 23 नवम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में जिला प्रशासन लखनऊ द्वारा चयनित कोविड–19 महामारी के संक्रमण से अनाथ 18 वर्ष से कम आयु के 23 बच्चों को उपयोगी किट भेंटकर जनपद लखनऊ में 'पी0एम0 केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना' का शुभारम्भ किया। किट में जैकेट, वूलेन लोअर, टोपी, मोजा, पिठ्ठू बैग, प्रेरणादायक कहानियों की किताबें, स्कूल बैग, पठन–पाठन सामग्री तथा फल की टोकरी बच्चों को उपलब्ध करायी। राज्यपाल जी ने टाटा मोटर्स की वैक्सीन एम्बुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

समारोह में सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उनकी सही शिक्षा–दीक्षा और संस्कार पूरे समाज का दायित्व है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से अनेक योजनाएं चल रही हैं।

हम सबका प्रयास होना चाहिए हम बच्चों को संस्कारवान, चरित्रवान, देश प्रेम तथा सेवा–भाव से परिपूर्ण बनाये। राज्यपाल जी ने बताया कि 'पी0एम0 केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना' देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारम्भ की गयी है। इसके तहत कोविड–19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के भविष्य को नया आयाम देने का कल्याणकारी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जनपद लखनऊ में इस योजना के शुभारम्भ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ये एक सकारात्मक कार्य है जिससे भावी पीढ़ी को संबल मिलेगा। इस योजना के तहत इन बच्चों को प्रतिमाह निश्चित धनराशि मिलेगी, जिसका उपयोग उनकी शिक्षा तथा अन्य जरूरतों में किया जायेगा। उन्होंने अभिभावको से अपील कि की वे बच्चों को बोझ न समझे और सकारात्मक भाव से उनका पालन–पोषण करें तथा बच्चों से संवाद बनाएं, उनसे घर में मित्रवत व्यवहार रखें ताकि उनके अंदर भी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना जाग्रत हों।

राज्यपाल ने सक्षम संस्थाओं तथा समर्थ नागरिकों को भी इस योजना से आच्छादित अनाथ बच्चों के लिए सहयोग करने का आहवाह्न किया। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऐसे बच्चों के लिए "उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना" तथा "उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना–सामान्य" पहले से चलायी जा रही है। "उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना" के अन्तर्गत 530 बच्चों तथा "उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना–सामान्य" के अंतर्गत 112 लाभार्थी बच्चों की सहायता स्वीकृति की गयी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में संसाधनों की कमी न हो इसका केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा ध्यान रखा गया है।

इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री स्वाती सिंह ने केन्द्र सरकार की 'पी0एम0 केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना'

के जनपद लखनऊ में शुभारम्भ करने के लिए राज्यपाल जी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कोविड–19 वैश्विक महामारी ने पूरे विश्व को प्रभावित किया। अन्य देशों की तुलना में भारत में कम लोग संक्रमित हुए, लेकिन फिर भी कितने ही लोगों को बचाया नहीं जा सका। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस संक्रमण से अनाथ हुए बच्चों के उचित पालन–पोषण, रहन–सहन और शिक्षा को ध्यान में रखते हुए 'पी0एम0 केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना' लागू की है।

उन्होंने बताया इस योजना से कोविड–19 के कारण अनाथ हुए 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार द्वारा केन्द्रीय स्कूल एवं नवोदय स्कूल में दाखिला कराने की व्यवस्था की गयी है। बच्चों को 5 लाख रूपये का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा तथा प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया योजना के लाभार्थी बच्चों का खाता सिर्फ डाकघर में ही खोला जायेगा तथा 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चे के साथ जिलाधिकारी को अभिभावक रखते हुए संयुक्त खाता खोला जायेगा। खाते में बच्चे की उम्र के अनुसार धनराशि डाली जायेगी और बच्चे के 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उसे एक मुश्त धनराशि प्रदान की जायेगी। उन्होंने इस योजना के तहत बच्चों को प्रदान किए जाने वाले अन्य लाभों के बारे में भी बताया।

जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि "प्रधानमंत्री देख–रेख स्कीम–2021" के अंतर्गत जनपद लखनऊ में पात्र 23 बच्चों को चिन्हित करते हुए उक्त बच्चों का जिलाधिकारी लखनऊ के साथ संयुक्त खाता डाकघर में खोला गया हैं तथा इस योजना का लाभ प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में कोविड वैक्सीनैशन का कार्य चल रहा है तथा टाटा मोटर्स के सहयोग से वैक्सीनशन उपलब्ध करायी गयी है जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों से

वैक्सीनेशन का कार्य तीव्र गति से करते हुए शत्–प्रतिशत वैक्सीनेशन का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद लखनऊ में निर्धारित जनसंख्या का लगभग 85 प्रतिशत लोगो को कोविड वैक्सीन की प्रथम खुराक तथा 46 प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन की प्रथम तथा द्वितीय दोनो खुराकें दी जा चुकी है।

इस अवसर पर प्रदेश के बाल एवं महिला गृहों में कराये गये कार्यों पर एक फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, सी0डी0ओ0 अश्वनी पाण्डेय, टाटा मोटर्स के सीनियर जनरल मैनेजर श्री के0 विजयन मेनन, बच्चे तथा उनके अभिभावकगण मौजूद थे।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (86/11)
सम्पर्क सूत्र
9453005360

मा0 राज्यपाल उत्तर प्रदेश
कमलों द्वारा

राज्यपाल उत्तर प्रदेश
कमलों द्वारा

पटेल मा0 राज्यपाल उत्तर प्रदेश
कर कमलों द्वारा
राज भवन उत्तर प्रदेश